P372

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

सांध्य

# दैनिक इंदौर संकेत



राष्ट्रपिता को नमन...

dainikindoresanket24@gmail.com

इंदौर, मंगलवार 26 अगस्त 2025

■ वर्ष : 4 ■ अंक : 246 ■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

2 खजराना मंदिर में 10 दिवसीय महोत्सव कल से

5 फिल्म 'गुस्ताख इश्क' की पहली झलक रिलीज

6 राजनाथ सिंह आज मप्र के प्रवास पर



## सराफा चौपाटी : अब बनी अस्मिता की लड़ाई

### महापौर के रुख के बाद व्यापारी खटखटा सकते हैं कोर्ट का दरवाजा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • सराफा सोना-चांदी जवाहरात व्यापारी संगठन महापौर के रवैए से आहात, अब अस्मिता की लड़ाई सड़क से न्यायालय तक लड़ने का मन बना चुका है। सराफा में चौपाटी नहीं लगने देने के लिए सभी व्यापारिक संस्थानों के शपथ-पत्र भरवाए जा रहे हैं। सराफा सोना चांदी जवाहरात व्यवसायियों ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव के हठ को अपना अपमान मान लिया है। यह तय है कि सराफा की लड़ाई अब सड़क से न्यायालय की चौखट तक जाएगी। सराफा चौपाटी प्रकरण पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि नगर निगम ने स्पष्ट निर्णय ले लिया है। आज निगम मुख्यालय पर सराफा एसोसिएशन और चौपाटी एसोसिएशन को बुलाया गया है, सराफा दुनिया में इंदौर के पर्याय के रूप में जानी जाती है।सुरक्षित और परम्परागत व्यंजन वहाँ मिले इसके एग्जीक्यूशन के लिए आज दोनों एसो. के लोगो को बुलाया है।महापौर ने कहा कि पहले भी दोनों एसो के साथ बैठक हो चुकी है ,पहले भी चर्चा के दौरान सहमति बनी थी कि सुरक्षित, स्वच्छ, स्वाद की राजधानी में सराफा चौपाटी जो इंदौर की पहचान और धरोहर है, उसे सुरक्षित रखते हुए 'स्वच्छ सराफा चौपाटी' के रूप में विकसित किया जाएगा।

महापौर ने साफ कहा कि सराफा चौपाटी रहेगी, इसे पूरे देश में जाना जाता है और इसे और बेहतर स्वरूप दिया जाएगा।

सराफा चौपाटी शिफ्टिंग को लेकर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सोमवार को सराफा एसोसिएशन के व्यापारियों व निगम परिषद के सदस्यों को चर्चा के लिए बुलाया। एक घंटे चली बैठक के बाद भी कोई निर्णय नहीं निकल सका। व्यापारियों ने कहा सराफा में करीब 2 हजार सोना-चांदी की दुकानें हैं। हजारों लोग खरीदी के लिए आते हैं। शाम 6 बजे से ही सराफा में चौपाटी लगना शुरू हो जाती है। चौपाटी वालों द्वारा भीड़ भरे बाजार में सिलेंडर का उपयोग करने व असामाजिक तत्वों के कारण हमें हमेशा खतरा रहता है। इसलिए हम चौपाटी नहीं लगने देंगे। निगम प्रशासन नहीं सुनेगा तो हम विरोध प्रदर्शन करेंगे, उसके बाद भी यदि बात नहीं बनी तो हम कोर्ट जाएंगे। वहीं इधर, परिषद व महापौर ने स्पष्ट कर दिया कि चौपाटी हमारी पारंपरिक व्यंजनों की धरोहर है। ये वहीं लगेगी। इन्हें शिफ्ट नहीं किया जाएगा। अनुशासन, समय और गाइडलाइन तय करेंगे। निगम ने अस्थायी दुकानदारों को 1 सितंबर से हटने के निर्देश दिए।

> *आज शाम को 6 बजे सभी व्यापारियों की बैठक होगी, जिसमें सराफा चौपाटी को लेकर नगर निगम महापौर के निर्णय के बाद की रणनीति को लेकर विचार -विमर्श किया जाएगा।*
>
> ***- बसंत सोनी,***
> *सराफा व्यापारी, एसोसिएशन, इंदौर*

---

### ब्रेकिंग न्यूज

- दिल्ली आएंगे नीतीश कुमार, एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार और शीर्ष बीजेपी नेताओं से करेंगे मुलाकात
- बिहार : सुपौल में राहुल-तेजस्वी की यात्रा, प्रियंका गांधी हुईं शामिल
- ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड को आतंकी संगठन घोषित करेगा ऑस्ट्रेलिया- पीएम अल्बानीज़
- ऑस्ट्रेलिया ने ईरान से तोड़े राजनयिक संबंध, ईरानी राजदूत को किया निष्कासित
- आप नेता और दिल्ली के पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज के घर ईडी के छापे, हॉस्पिटल कंस्ट्रक्शन स्कैम में एक्शन
- अस्पताल निर्माण घोटाले में सौरभ भारद्वाज के आवास पर ईडी का छापा, 13 ठिकानों पर छापेमारी
- आज दोपहर 2.45 बजे भारतीय नौसेना बेड़े में शामिल होंगे 2 नौसैनिक जहाज उदयगिरि और हिमगिरी

## दूसरे जिलों से लाकर अध्यक्ष बनाने पर राहुल गांधी ने जताई नाराजगी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • मध्यप्रदेश में कांग्रेस के जिला अध्यक्षों की घोषणा को लेकर विरोध-नाराजगी का दौर जारी है। अब कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने नाराजगी जाहिर की है। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस जिला अध्यक्षों के चयन में मध्यप्रदेश से सबसे ज्यादा शिकायतें आई हैं। जो गलतियां मध्यप्रदेश में हुईं, वैसी अन्य राज्यों में नहीं होनी चाहिए।

गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस के 71 संगठनात्मक जिलों के अध्यक्षों की घोषणा की गई थी। इसके बाद से ही लगातार विरोध हो रहा है। जिलों व राजधानी भोपाल से लेकर दिल्ली तक विरोध प्रदर्शन हो चुके हैं। जिसपर राहुल गांधी ने नाराजगी जताई है। संगठन सृजन अभियान के तहत सबसे पहले गुजरात में जिला अध्यक्षों का ऐलान हुआ। इसके बाद हरियाणा और फिर मध्य प्रदेश के जिला कांग्रेस अध्यक्षों के नामों की घोषणा हुई। लेकिन जिला अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर सबसे ज्यादा शिकायतें मध्यप्रदेश से ही पहुंची हैं। एमपी के इन जिलों में हो चुका है



जिलाध्यक्षों का विरोध

**भोपाल**-शहर के अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना को रिपीट किए जाने का पूर्व शहर अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना मोनू विरोध कर चुके हैं। मोनू का आरोप है कि जिला अध्यक्ष बनाने के एवज में डेढ़ करोड़ की डिफेंडर कार गिफ्ट की गई है। मोनू ने कार्यकर्ताओं के साथ राहुल गांधी को इस नियुक्ति के विरोध में खून से खत लिखा था।

**इंदौर ग्रामीण**-आगर के पूर्व विधायक विपिन वानखेड़े को इंदौर ग्रामीण का अध्यक्ष बनाए जाने के विरोध में इंदौर, देपालपुर से लेकर दिल्ली तक विरोध प्रदर्शन हो चुका है। दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय में जब जिला अध्यक्षों की कार्यशाला चल रही थी उस वक्त विपिन वानखेड़े के विरोध में करीब 50 कांग्रेसी कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे थे।

**डिंडोरी**-ओंकार सिंह मरकाम को जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर विरोध किया है, स्थानीय कांग्रेस नेता अजय साहू ने पुतला दहन की घोषणा की थी। जबकि राजेश मरावी ने इसे आदिवासी वर्ग के भविष्य के मुख्यमंत्री की भूमिका को छोटा दिखाने की कोशिश बताया था।

**सतना**-शहर के अध्यक्ष व ग्रामीण अध्यक्ष सिद्धार्थ कुशवाह को लेकर कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। सिद्धार्थ वर्तमान में विधायक हैं। मेयर, लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। ऐसे में कार्यकर्ता एक व्यक्ति, एक पद के नियम पर सवाल उठा रहे हैं।

**बुरहानपुर**-जिला प्रवक्ता एवं राजीव गांधी पंचायती सेल के अध्यक्ष हेमंत पाटिल ने विरोध स्वरूप पार्टी से इस्तीफा दे दिया।

**देवास ( ग्रामीण )**-जीतू पटवारी के करीबी गौतम बंटू गुर्जर ने जिला अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद पदों से इस्तीफा दे दिया।

## गणेशोत्सव में भक्तों को अनोखे थीम और भव्यता से नज़ारा देखने को मिलेगा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • 27 अगस्त से शुरू हो रहे गणेशोत्सव के साथ ही शहर की सड़कें पंडालों की एक शानदार श्रृंखला के साथ एक अद्भुत दृश्य में बदलने के लिए तैयार हैं। ये पंडाल भारत के कुछ सबसे पूजनीय स्थलों जैसे पुरी के जगन्नाथ मंदिर, अमरनाथ गुफाओं और वैष्णो देवी मंदिर की प्रतिकृति हैं। कई पंडालों ने इन पवित्र स्थलों पर भक्तों को मिलने वाला प्रसाद परोसने की योजना बनाई है, जिससे आध्यात्मिक अनुभव और भी बढ़ जाएगा।

नमो शक्ति परिवार के अध्यक्ष सागर अरिजा ने कहा, हमारा पंडाल मंदिरों के दिव्य आकर्षण का प्रतिरूप है जिसका उद्देश्य आगंतुकों को एक परिवर्तनकारी अनुभव प्रदान करना है। पिछले साल हमने प्रथम पुरस्कार जीता था। इस साल हमारा लक्ष्य सबसे ऊँचे झूले के लिए गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराना है। इस पंडाल में, 17 फुट ऊँची गणेश प्रतिमा 26 फुट ऊँचे झूले पर, भारी लोहे के खंभों के सहारे, राजसी ढंग से झूलेगी।

इस वर्ष मूर्तियों की भव्यता अद्भुत अनुपात तक पहुँच गई है, अधिकांश मूर्तियाँ 15 फुट से 25 फुट तक ऊँची हैं, जिन्हें अक्सर उनके आकर्षक बाल रूप में दर्शाया गया है। प्रत्येक पंडाल न केवल कलात्मक अभिव्यक्ति की, बल्कि सामुदायिक भावना की भी कहानी कहेगा, जहाँ भक्त और परिवार लुभावने डिज़ाइनों की सराहना करने, जीवंत उत्सवों में भाग लेने और अपनी प्रार्थनाएँ अर्पित करने के लिए एक साथ आएंगे।

---

## अवैध साइनबोर्ड लगाने की जांच के लिए पैनल गठित

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सोमवार को चंदन नगर में अवैध साइनबोर्ड लगाने के मामले की जाँच के लिए तीन सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की।

महापौर ने कहा कि मौखिक निर्देश देने या अवैध कार्य का बिल पास करने में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। महापौर ने कहा कि प्रारंभिक जाँच से पता चलता है कि अनधिकृत बोर्ड लगाने के लिए प्रथम दृष्टया उप-अभियंता और कार्यपालन अभियंता दोषी हैं। उन्होंने समिति को तीन दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए और आयुक्त को मामले में सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

भार्गव ने आगे कहा कि इस अवैध कृत्य से नगर निगम को आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि




बोर्ड लगवाने वाले ठेकेदार के सीधे संपर्क में रहने वाले एक पार्षद की भी जाँच की जाएगी। उन्होंने कहा, मैंने पहले ही निर्देश दे दिए हैं कि इसमें शामिल सभी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। भाजपा नेता और पूर्व विधायक द्वारा आपत्ति जताए जाने के बाद, आईएमसी ने गुरुवार को चंदन नगर इलाके से आधा दर्जन से ज़्यादा साइनबोर्ड हटा दिए थे। भार्गव ने आरोप लगाया था कि चंदन नगर की पार्षद फातमा रफीक खान ने एमआईसी (मेयर-इन-काउंसिल) की अनुमति के बिना नए साइनबोर्ड लगाकर सड़कों के नाम बदल दिए। दूसरी ओर, पार्षद ने पिछले साल आईएमसी आयुक्त को दिए एक आवेदन में दावा किया था कि उन्होंने केवल साइनबोर्ड लगाने की मांग की थी क्योंकि चंदन नगर एक घनी आबादी वाला इलाका है, न कि सड़कों के लिए कोई नाम सुझाने की।

## देवास बाईपास टोल रोड यात्रियों के लिए बना जाल

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • भारी वाहनों को डायवर्ट करने और इंदौर शहर को भीड़भाड़ से मुक्त करने के लिए बनाया गया बाईपास अब अव्यवस्था के लिए बदनाम है। हाल के हफ़्तों में, ट्रैफ़िक जाम 30 घंटे तक चला है। सड़क गड्ढों से भरी है, और हाल ही में हुए काम के बावजूद, यहाँ हर दिन जाम लगा रहता है। नियमित यात्रियों के लिए, यह न केवल एक असुविधा है, बल्कि एक बहुत बड़ा आर्थिक और मानसिक बोझ भी है। नागरिक एक ऐसी सड़क के लिए टोल चुका रहे हैं जो शुरू से अंत तक टूटी हुई है।

सबसे ज़्यादा टोल चुकाने वाले ट्रक चालकों को इसका सबसे ज़्यादा खामियाजा भुगतना पड़ता है। महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के बीच लंबी दूरी का ट्रक चालकों का कहना है कि जब भी वह इस प्लाज़ा को पार करते हैं, तो उन्हें ठगा हुआ महसूस होता है। सड़क की हालत बहुत खराब है, और अक्सर एक-दो घंटे तक फँस जाते हैं। यह एक भी रुपये के



टोल के लायक नहीं है। बड़े-बड़े गड्ढों के कारण लगभग हर हफ़्ते एक्सल टूट जाते हैं, टायर खराब हो जाते हैं और ब्रेकडाउन हो जाते हैं। इंदौर बाईपास से राऊ सर्कल तक गुज़रना किसी युद्ध के मैदान से गुज़रने जैसा लगता है। हम समय, पैसा और यहाँ तक कि दुर्घटनाओं का जोखिम भी उठाते हैं, जबकि वे भारी टोल वसूलते रहते हैं।

---

## बदलेगा 2026 का बोर्ड परीक्षा पैटर्न

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • अब मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिम) की 10वीं व 12वीं की वार्षिक परीक्षा में अंक पाने के लिए विद्यार्थियों को पहले से ज्यादा मेहनत और मशक्कत करनी होगी। वजह यह है कि सीबीएसई की तरह माशिम भी अपने प्रश्नपत्रों में कठिनाई का स्तर बढ़ाने जा रहा है। वर्ष 2026 की वार्षिक परीक्षा में प्रश्न नए पैटर्न पर आएंगे।

**परीक्षा अन्य राज्यों की तुलना में आसान**-दरअसल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत सभी राज्यों में पढ़ाई और परीक्षा का स्तर एक जैसा करने पर जोर है। इसे ध्यान में रखते हुए एनसीईआरटी की परख संस्था ने मध्य प्रदेश के विद्यार्थियों के सीखने के स्तर को लेकर सर्वे किया था। उसमें पाया गया कि मध्य प्रदेश बोर्ड की परीक्षा अन्य राज्यों की तुलना में आसान है। इसकी वजह से यहां के विद्यार्थियों को 12वीं पास होने के बाद अन्य राज्य के विश्वविद्यालयों और डिग्री कालेजों में पढ़ने में परेशानी होती है।




### रटने से नहीं, सोचने की क्षमता से हल होंगे

*ऐसे में, अब माशिम ने तय किया है कि 10वीं- 12वीं की परीक्षाओं का पैटर्न बदला जाए। इसके लिए प्रश्नपत्र की कठिनाई स्तर 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत किया जाएगा, अर्थात 100 में 20 सवाल ऐसे होंगे, जिनका जवाब सीधे किताब से नहीं आएगा, बल्कि ज्ञान, समझ, अनुप्रयोग और रचनात्मकता के मिश्रण से ही उसको हल किया जा सकेगा। ये प्रश्न रटने से नहीं, बल्कि सोचने की क्षमता से हल होंगे।*

## संपत्तिकर वृद्धि को लेकर कोर्ट के आदेश से जगी खातेदारों में राहत की उम्मीद

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • नगर निगम द्वारा स्लैब और रेट जोन बदलकर की गई संपत्तिकर बढ़ोतरी पर हाईकोर्ट से झटका लगा है। बेंच ने इसमें नगरीय प्रशासन विभाग प्रमुख सचिव को सुनवाई के लिए कहा है। इससे शहर के 7.30 लाख संपत्तिकर खातेदारों को राहत की उम्मीद बंधी है। प्रमुख सचिव नगरीय प्रशासन विभाग मंत्रालय को सुनवाई कर निर्णय लेने के लिए कहा गया है। हालांकि औपचारिक आदेश आना बाकी है।

**इन्होंने यह लगाई थी याचिका :** कांग्रेस के पूर्व पार्षद दिलीप कौशल द्वारा संपत्तिकर को हटाने की याचिका लगाई गई थी। अभिभाषक विभोर खंडेलवाल एवं जयेश गुरनानी के माध्यम से दायर याचिका में उच्च न्यायलय ने




राज्य सरकार को निर्णय लेने के आदेश दिए हैं।

**बढ़ोतरी को निरस्त करने की मांग :** पूर्व पार्षद दिलीप कौशल ने बताया कि नगर निगम द्वारा संपत्तिकर वृद्धि के प्रस्ताव के विभिन्न तथ्यों को जनविरोधी बताकर निरस्त करने की मांग राज्य शासन से की थी। इसकी सुनवाई किए बिना नगर निगम द्वारा सभी 7.30 लाख खाते में 20 से 50 प्रतिशत तक कर बढ़ा दिया था। जस्टिस प्रणय वर्मा ने तथ्यों को सुनकर नगरीय प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव को सुनवाई के लिए कहा। कौशल ने बताया कि राज्य सरकार ने वर्ष 2020 में संपत्तिकर के लिए नए नियम बनाए थे। इसके अनुसार नगर निगम को शहर के नागरिक से कलेक्टर द्वारा निर्धारित संपत्ति के मूल्यांकन (गाइडलाइन) अनुसार संपत्तिकर लेना था। लेकिन, नगर निगम ने पूर्व से निर्धारित करों में वृद्धि करने के साथ-साथ संपत्तिकर के निर्धारित स्लैब भी कम कर दिए थे।

## न्यूज इन ब्रीफ

### स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने की मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत से भेंट

**इंदौर** ● इंदौर जिले में मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूह के परिसंघ मुस्कान संकुल स्तरीय संगठन को विगत दिनों 15 अगस्त को दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा उत्कृष्ट कार्यो हेतु प्रथम पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया,विदित हो कि आजीविका मिशन के तहत गठित मुस्कान संकुल स्तरीय संगठन से जुड़कर विभिन्न महिला स्वयं सहायता समूह अपनी आजीविका में निरंतर वृद्धि कर रहे हैं जिससे उनके वह उनके परिवार के आमदनी में वृद्धि हो रही है। संकुल की पदाधिकारियों ने प्राप्त पुरस्कार वह दिल्ली में हुए अपने अनुभव को मुख्य कार्यपालन अधिकारी से साझा किया चर्चा के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा महिलाओं को इस उपलब्धि के लिए बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की वह और अधिक उत्साह से कार्य करने हेतु प्रेरित किया जिससे ज्यादा से ज्यादा वंचित महिलाएं समूह से जुड़े वह उनकी आमदनी में वृद्धि हो सके, साथ ही आगामी 2 अक्टूबर की ग्राम सभा में समस्त अच्छे कार्य करने वाले स्वयं सहायता समूह को भी ग्राम पंचायत स्तर पर पुरस्कार से सम्मानित करने हेतु ग्राम पंचायत को निर्देश जारी करने के लिए उपस्थित जिला पंचायत के अधिकारियों को कहा गया।

### 'गणेश चतुर्थी पर बंद हो मांस और मदिरा की दुकानें,' बीजेपी विधायक ने अपनी ही सरकार से की ये बड़ी मांग

**इंदौर** ● इस वर्ष 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी का पर्व पूरे धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर इंदौर-2 क्षेत्र से भाजपा के विधायक रमेश मेंदोला उर्फ गोलू शुक्ला ने शहर में मांस और मदिरा की दुकानों को बंद रखने की मांग की है। विधायक गोलू शुक्ला ने कहा कि गणेश चतुर्थी एक पवित्र और आस्था से जुड़ा पर्व है। ऐसे में जिस प्रकार कुछ अन्य धार्मिक अवसरों पर मांस और मदिरा की दुकानों को बंद रखा जाता है, ठीक वैसे ही गणेश चतुर्थी पर भी यह परंपरा निभाई जानी चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से मांग की कि मांस की दुकानें या तो पूरी तरह से बंद रहें या फिर उन्हें कम से कम पर्दे में ढंका जाए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि इंदौर के प्रमुख धार्मिक क्षेत्रों खजराना गणेश मंदिर और बड़ा गणपति मंदिर के आसपास स्थित मांस व शराब की दुकानें गणेश उत्सव के दौरान पूरी तरह से बंद रखी जाएं ताकि श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचे।

### स्वदेशी मिल गणेश उत्सव समिति द्वारा गणेश स्थापना बड़ी धूमधाम से मनाई जाएगी



**इंदौर** ● आज से 10 दिवसीय गणेश जन्म उत्सव की शुरुआत हो रही है । शहर के अनेक स्थानों पर गणेश भगवान की मूर्तियों की स्थापना के साथ साथ . अनेक कार्यक्रम के आयोजन चलेंगे। स्वदेशी मिल समिति के चम्पा लाल वर्मा हीरालाल वर्मा कन्हैयालाल मरमट गेंदा लाल वर्मा ने बताया की समिति द्वारा स्थित मां कालका मंदिर के पास बने सुसज्जित पंडाल में आज गणेश भगवान की मूर्ति की स्थापना पं. राजेश पांडे द्वारा विधि-विधान से की जाएगी । पंडाल को सुन्दर-सजाया गया है । जहाँ भगवान गणेश की स्थापना एवं विधि विधान से पूजा कर महा आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

### सांसद शंकर लालवानी के हाथों 400 होनहार बच्चों को सम्मान से नवाजा



**इंदौर** ● मंज़िल उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है, पंखों से कुछ नहीं होता,हौसलों से उड़ान होती है। ऐसी ही मोटिवेशनल लाइन के साथ मेव एजुकेशनल वेल्फेयर अवेयरनेस ट्रस्ट के बेनर तले सांसद शंकर लालवानी ने 400 मुस्लिम होनहार बच्चों को सम्मान से नवाजा गया। ट्रस्ट द्वारा भव्य मेधावी सम्मान समारोह 2025 का आयोजन मंगेशकर हॉल, इंदौर में किया गया। इस मौके पर लगभग 400 मेधावी विद्यार्थियों को पत्रिका, प्रशस्ति-पत्र, एक खूबसूरत कलम और स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मान से नवाजा गया। अतिथियों का स्वागत अब्दुल हफीज बनारसी और एडवोकेट मोहम्मद शारीब खान ने किया।

# खजराना गणेश मंदिर में 10 दिवसीय महोत्सव कल से

## विशेष साज-सज्जा, पूजन-अर्चन सहित भजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के होंगे नियमित आयोजन, देश के प्रसिद्ध अनेक भजन गायक भी देंगे अपनी प्रस्तुतियां



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर के प्रसिद्ध श्री खजराना गणेश मंदिर में गणेश चतुर्थी के अवसर पर 10 दिवसीय महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। यह महोत्सव कल से प्रारंभ होगा। महोत्सव के दौरान मंदिर में विशेष साज-सज्जा की जाएगी। विधि-विधान के साथ नियमित पूजन-अर्चन होंगे और 10 दिन तक भजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन भी होंगे। इस बार देश के प्रसिद्ध अनेक भजन गायक भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गणेश चतुर्थी पर कल सुबह 10 कलेक्टर सह अध्यक्ष आशीष सिंह एवं नगर निगम आयुक्त सह प्रशासक शिवम वर्मा, श्री गणपति मंदिर खजराना प्रबंध समिति द्वारा आयोजित ध्वजा-पूजन और लड्डू प्रसादी वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। गणेश चतुर्थी महोत्सव के तहत 28 अगस्त 2025 गुरूवार को दोपहर 2 बजे दृष्टि बाधित बच्चों द्वारा मगंलाचरण तथा शाम 7 बजे श्रीमती कल्पना झोकरकर की संगीतमय प्रस्तुति होगी। 29 अगस्त को दोपहर 2 बजे शालेय छात्र-छात्राओं द्वारा गायन होगा और शाम 7.30 बजे नेशनल स्कूल ऑफ कत्थक द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी। 30 अगस्त को शाम 5 बजे अन्नक्षेत्र के आजीवन सदस्यों का सम्मान होगा। इस अवसर पर स्नेह भोज का आयोजन भी किया गया है। इसी दिन रात्रि 8 बजे श्री ऋषि कुमार म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भजन संध्या आयोजित की गई है। 31 अगस्त को शाम 5 बजे कला प्रस्तुति होगी। रात्रि 8 बजे श्री अश्विनी पाठक द्वारा सुंदरकाण्ड का आयोजन किया गया है। 1 सितम्बर को शाम 6 बजे से नादयोग गुरुकूल द्वारा कत्थक - भरतनाट्यम की प्रस्तुति दी जायेगी। पाटीदार योगा सेन्टर द्वारा गीतायन एवं स्वर मंदिर म्यूजिकल योगा की प्रस्तुति होगी। 2 सितम्बर को शाम 7 बजे भजन संध्या होगी, इसमें भजन गायक रतन मोहन शर्मा द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी। 3 सितम्बर को शाम 7 भजन संध्या में सुप्रसिद्ध भजन गायिका सुश्री मैथिली ठाकुर के भजन होंगे। 4 सितम्बर को शाम 7 बजे भजन संध्या में सुप्रसिद्ध भजन गायक कौशलेन्द्र शर्मा (शर्मा बंधु) सुरमय प्रस्तुतियां देंगे। सभी कार्यक्रम श्री गणपति मंदिर खजराना परिसर स्थित प्रवचन हॉल में होंगे। आग्रह किया गया है कि मंदिर द्वारा संचालित सेवा प्रकल्पों में सहयोग हेतु दान राशि के लिए क्यू आर कोड का उपयोग भी किया जा सकता है।

## बाल्याखेड़ा स्थित बेशकीमती शासकीय भूमि से हटाया गया अतिक्रमण



**आशीष शिंदें (96446-30000)**
**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● वर्तमाम में कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशन में इन्दौर जिले की शासकीय भूमियों को माफियाओं से मुक्त करने की मुहिम तेज गति से लगातार चल रही है। खबर लिखे जाने तक सिंह के द्वारा जिले में कई शासकीय भूमियों को कब्जा मुक्त करवाकर नोटिस बोर्ड लगा दिए गए है। सूत्रों के अनुसार जिले में पहली बार किसी कलेक्टर के द्वारा शासकीय भूमियों को कब्जा मुक्त कराया गया एवं यह प्रक्रिया निरंतर जारी है, इस अनुक्रम में अनुविभागीय अधिकारी कनाडिया के मार्गदर्शन एवं तहसीलदार कनाड़िया शेखर चौधरी की टीम के द्वारा पारित आदेशानुसार सोमवार को ग्राम बाल्याखेड़ा स्थित शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 97 के अंश भाग 0.300 हेक्टेयर भूमि को विधिवत सुनवाई उपरांत अतिक्रमण मुक्त की कार्यवाही सुनिश्चित की गयी व भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया। जिसकी कलेक्टर गाइडलान अनुसार मूल्य 75,00,000/- एवं बाजार मूल्य लगभग ढाई करोड़ रूपये (2,50,00,000) है उक्त अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही में राजस्व अमले को पुलिस बल के सराहनीय सहयोग से पूर्ण की गयी।

## इको फ्रेंडली गणेश प्रतिमा विराजित करें-मिश्रा




**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● पंडित दीनदयाल उपाध्याय भवन भाजपा कार्यालय पर नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, संभाग प्रभारी राघवेंद्र गौतम, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, महेंद्र हार्डिया, मधु वर्मा, कृष्णमुरारी मोघे की उपस्थिति में कामकाजी बैठक संपन्न हुई।

बैठक में मार्गदर्शन देते हुए भाजपा की संभागीय प्रभारी राघवेंद्र गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को प्रत्येक मतदान केंद्र तक आम जनता तक पहुंचाने के लक्ष्य को लेकर काम करना है।

नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि इस बार हम जनता के बीच में जागरण के माध्यम से आग्रह कर रहे हैं, कि माटी के गणेश इको फ्रेंडली गणेश की स्थापना घर-घर करें, प्रत्येक गणेश पंडाल में यह प्रयास रहेगा, हम स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का संकल्प ले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक एक पखवाड़े तक विभिन्न कार्यक्रम होंगे। जिसके अंतर्गत स्वच्छता अभियान, एक पेड़ मां के नाम अभियान, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, प्रधानमंत्री के जीवन यात्रा पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म, प्रबुद्ध वर्ग संवाद, दिव्यांग व विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान, वोकल फॉर लोकल का प्रचार, प्रधानमंत्री के जीवन यात्रा पर केंद्रित पुस्तकों का विमोचन व प्रसार, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता, विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता, मोदी विकास मैराथन, प्रधानमंत्री मोदी जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी, 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन जयंती पर मतदान केंद्र स्तर पर व्यापक आयोजन, 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर वोकल फॉर लोकल का संकल्प दिलाया जाएगा।

इस अवसर पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने इको फ्रेंडली गणेश पांडाल को बढ़ावा देने के साथ साथ, वन नेशन, वन इलेक्शन पर भी जन जागरण का आवाह्न किया।

इस अवसर पर प्रताप करोसिया, सुदर्शन गुप्ता, गोपीकृष्ण नेमा, कैलाश शर्मा, आलोक दुबे, निरंजन सिंह चौहान, बबलू शर्मा, राकेश जैन, राजेश उदावत, अश्विनी शुक्ला, मुद्रा शास्त्री, अंजू मखीजा, सुधीर कोल्हे, संदीप दुबे, अनंत पवार आदि उपस्थित थे।

## पं विष्णु प्रसाद शुक्ला स्मृति दिवस पर समाज द्वारा बाबुजी को भावभीनी श्रद्धांजलि-पुष्पांजलि अर्पित की





**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● वरिष्ठ समाजसेवी, ब्राह्मण एकता आंदोलन के सुत्रधार, कान्यकुब्ज समाज में चार दशक तक निरंतर सेवा प्रदान करने वाले श्रद्धेय बाबुजी स्व. पं. विष्णु प्रसादशुक्ला (बड़े भैया) की पुण्यतिथि पर कान्यकुब्ज सभा के विजय नगर स्थित के के कालेज परिसर पर पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि का आयोजन किया गया।

सभा के अध्यक्ष पं संजय शुक्ला (पुर्व विधायक) एवं प्रधानमंत्री पं अनुप बाजपेयी (अन्नु) ने बताया कि इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों द्वारा आदरणीय बाबुजी के जीवन एवं समाज के लिए किये गए नवाचारों एवं कार्यो के लिए याद किया गया।

समाज जनों ने उनके साथ के संस्मरण भी सुनाये। वैदिक विद्वानों के सस्वर मन्त्रोच्चार एवं शांति पाठ के मध्य समाज जनों ने अपने पुर्व अध्यक्ष बाबुजी को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। विधायक रमेश मेदोंला जी, समाज के वरिष्ठ पं कृपा शंकरशुक्ला, पं लक्ष्मी कांतपांडे , पत्रकार महेंद्र दुबे जी,डा प्रणव बाजपेयी पं प्रकाश बाजपेयी, लक्ष्मी कांतपांडे, पार्षद मनोजमिश्रा, पुर्व पार्षद राजेशशुक्ला, सन्तोषशुक्ला (अल्मा),सन्दीपजोशी, सुरेन्द्रबाजपेयी, सुरेन्द्रतिवारी, चन्द्र प्रकाशबाजपेयी, मनीषतिवारी, रविदीक्षित, सहित सैकड़ों की संख्या में समाज जनों ने बाबुजी को पुष्पांजलि भेट की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवा एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भी बाबुजी का पुण्य स्मरण किया। कार्यक्रम के उपरांत स्वलपाहार भी आयोजित था।

## श्री सांवरिया सेठ स्वरूप में राजवाड़ा कोयला बाखल गणेश



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● देशभर मैं गणेश उत्सव की तैयारियां शुरू हो चुकी है, इस वर्ष गणेश उ त्सव बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया जाएगा इसी क्रम में गणेश चतुर्थी शुभ अवसर पर इंदौर के ह्रदय स्थल राजवाडा के पास गणेश बाल भक्ति मित्र मंडल द्वारा कोयला बाखल प्रांगण में राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले में स्थित श्री सांवरिया सेठ जी के स्वरूप में गणेश जी की प्रतिमा को विराजित किया जाएगा ! यह भगवान कृष्ण के साँवलिया स्वरूप को समर्पित है, और उनकी उदारता के कारण उन्हें साँवलिया सेठ कहा जाता है,आयोजन समिति के प्रमुख प्रियंक गुप्ता एवं अंकित सुमेले ने बताया कि यह कार्यक्रम महामंडलेश्वर 1008 श्री दादू महाराज जी के मार्गदर्शन एवं सानिध्य में होता है !कार्यक्रम का यह 25वा वर्ष है, हर वर्ष यहां एक तीर्थ स्वरुप में गणेश जी प्रतिमा को विराजित किया जाता है! विगत चार वर्षों में गुजरात के प्रसिद्ध कष्टभंजन हनुमान जी महाराज स्वरूप एवं उज्जैन के प्रसिद्ध चिंतामन गणेश जी के स्वरूप एवं प्रसिद्ध अखिलेश्वर हनुमान जी के स्वरूप मैं और पिछले वर्ष उड़ीसा के पुरी में स्थित श्री जगन्नाथ महाप्रभु के स्वरूप में प्रतिमा को विराजित किया जा चुका है!

## सांवरिया सेठ के रुप में बाबा रामदेवजी की हुई महाआरती






**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● अन्नपूर्णा क्षेत्र के महावर नगर में 150 साल पुराने बाबा रामदेवजी मंदिर से पालकी में सवार बाबा रामदेवजी नगर भ्रमण पर निकले तथा शाम को सांवरिया सेठ के रुप श्रृंगारित बाबा रामदेवजी मंदिर में आकर्षण का केन्द्र बने, इस दौरान महाआरती में दूर दराज से आये भक्तों का तांता लगा रहा। भादव माह की दूज पर जन्मे बाबा रामदेवजी का जन्मोत्सव सोमवार को इन्दौर शहर ही नहीं देश भर में मनाया गया, इसी कड़ी में अन्नपूर्णा रोड़ स्थित महावर नगर में 150 साल पुराने बाबा रामदेव जी मंदिर से पालकी यात्रा सुबह हर्षोल्लास के साथ निकाली गई, जिसमें कोली समाज के सेकड़ों भक्तों ने शामिल होकर जय बाबा री के उद्घोष के साथ बाबा की भक्ति में लीन होकर खुशियां मनाई वहीं, शाम को बाबा रामदेव जी मंदिर पर बाबा का श्रृंगार सांवरिया सेठ के रुप में भव्य श्रृंगार किया तथा महाआरती के साथ प्रसादी वितरण किया गया। इस मौके पर महावर कोली समाज के अलावा अग्रवाल, जैन, ब्राह्मण, माहेश्वरी सहित विभिन्न समाजों के समाजजनों का तांता मंदिर पर लगा रहा, हर कोई बाबा के आकर्षक श्रृंगार से अभिभूत होते दिखाई दे रहे थे। इस अवसर पर बाबा के भक्त पंडित दुलीचंद मुंगेलवाल, अनिल सुखाड़िया, गजेन्द्र महावर सहित वरिष्ठ समाजसेवी नंदराम मेहर, राजा मस्तूरिया, प्रकाश गौड़ आदि ने शामिल थे।

## कई बार यू भी देखा है...




**इंदौर** ● पार्श्व गायक मुकेश चंद्र माथुर जी की पुण्यतिथि के अवसर पर संस्था नवरंग के कलाकारों द्वारा प्रेस क्लब मै एक कार्यक्रम आयोजित किया गाया जिसमें मुकेश की यादों को ताजा करते हुए अनेकों सुमधुर गीत प्रस्तुत कियें गये, जिन्हें रसिक श्रोताओं ने खूब सराहा मुकेश जी के हर मूड के गीतों को समावेश कर गायक कलाकारों ने बखूबी निभाया मंच संचालन मोना ठाकुर ने किया मुकेश बुंदेला मोहन पारवानी मनोज मिश्रा डॉ पारुल अग्रवाल राखी गुरबानी राजकुमार मिश्रा ने कई बार यू भी देखा...ओ रे ताल मिलें नदी के.... चल अकेला चल अकेला...वक़्त करता जो वफ़ा... चाँद सी मेहबूबा हो मेरी...चन्दन सा बदन आ लौट के आजा मेरे मीत...राम करें ऐसा हो जाए... आदि गीतों से मन मोह लिया।

## भाई की स्मृति में कैंसर पीड़ितों के लिए दिए 41000 रुपए



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**देपालपुर** ● धाकड़ समाज के शिवनारायण पटेल के पुत्र स्व. राहुल पटेल की पगड़ी रस्म में अपने भाई की स्मृति में जितेंद्र पटेल(देपालपुर मोटर्स) ने इंदौर में नवनिर्मित माधव सृष्टि आरोग्य सेंटर में कैंसर के मरीजों के उपचार हेतु 41000 रुपए , इंजीनियर श्री जगदीश पटेल पिपल्या पाला इंदौर ने 11000 तथा वरिष्ठ समाजसेवी वसूली पटेल रमेशचंद्र पटेल ने 5100 रुपए की राशि सेवाभारती के सोहनलाल परमार को सौंपी। वहीं इंजीनियर जगदीश पटेल पिपल्या पाला इंदौर ने अपनी और से प्रतिवर्ष उक्त अस्पताल के लिए राशि दान देने की घोषणा की है। उल्लेखनीय है की श्री गुरुजी सेवा न्यास के तहत माधव सृष्टि हॉस्पिटल इंदौर के नए केंद्र माधव सृष्टि आरोग्य सेंटर में कैंसर से संबंधित उपचार होगा। जहां पर रेडिएशन, कीमो , पेट्स्कैन , सीटी स्कैन ,अन्य सभी टेस्ट बाजार से 60 से 70% कम दाम पर होगे। इस अवसर पर धाकड़ समाज के पूर्व अध्यक्ष द्वय उमानारायण जी पटेल, रामस्वरूप पटेल, नंदकिशोर नागर व प्रेमसिंह यादव ने उपस्थित हो कर स्व. पटेल को श्रंद्धाजलि अर्पित की।

## सम्पादकीय

### भारत और चीन के बीच पारंपरिक रूप से संबंध नहीं रहे हैं ज्यादा प्रगाढ़, अमेरिकी शुल्क से बढ़ने लगीं नजदीकियां

दुनिया की राजनीति में यह बदलाव अमेरिका राष्ट्रपति ट्रंप की शुल्क नीति और ब्रिक्स को लेकर उनके रुख के बाद सामने आया है। बताया जा रहा है कि इस सम्मेलन में सदस्य देशों के बीच सहयोग बढ़ाने और संगठन के विकास की नई रणनीतियों का खाका तैयार किया जाएगा। चीन के तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का अब तक के इतिहास का सबसे बड़ा शिखर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। 31 अगस्त से एक सितंबर तक चलने वाले इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सहित दुनिया के बीस से अधिक देशों के नेता तथा दस अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। अमेरिका की ओर से भारत, चीन और ब्राजील समेत कई देशों पर शुल्क लगाने की घोषणा के बाद इस सम्मेलन को कई मायनों में महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है। इसे अमेरिकी नीति के बरक्स लामबंदी के रूप में भी देखा जा रहा है। रूस तो पहले से ही भारत के साथ है, लेकिन अब शुल्क के मुद्दे पर चीन भी सहयोग की मुद्रा में है। संभव है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सम्मेलन से इतर चीन और रूस के राष्ट्र प्रमुखों से मुलाकात होगी और इस दौरान द्विपक्षीय मसलों के अलावा शुल्क के मुद्दे पर भी एकजुट होने को लेकर चर्चा हो सकती है। जाहिर है, अगर ऐसा हुआ तो इससे अमेरिका के उन प्रयासों को झटका लगेगा, जिनके तहत वह दूसरे देशों पर अपनी मनमानी व्यापार नीतियां थोपकर निजी हित साधने का मंसूबा पाले हुए है। एससीओ एशिया का सबसे बड़ा क्षेत्रीय संगठन है, जिसका मकसद सुरक्षा, आर्थिक विकास और सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देना है।

# प्रकृति पुत्रों का धरती माता के प्रति आभार प्रकटीकरण का पर्व नवाई

भारत एक कृषि प्रधान देश हैं, यहाँ कृषि से जुड़े परम्परागत पर्व और उत्सव देश के सभी राज्यों में अपने-अपने तौर-तरीकों, परम्पराओं के साथ मनाए जाते हैं। यह कृषि पर्व प्रकृति के प्रति आस्था को प्रकट करने धरती माता के प्रति आभार व्यक्त करने का वार्षिक फसल उत्सव है। पश्चिम निमाड़ के आदिवासी बाहुल्य जिले बड़वानी के सीमावर्ती शहर सेंधवा का निवासी होने के कारण आदिवासी लोक परम्पराओं को निकटता से समझने का अवसर मिलता रहता हैं। यहां निमाड़ में आदिवासी समुदाय फलिया या मजरा टोला में रहते हैं। एक फलिया में 150 से 200 मकान रहते है। गाँव फलिया से मिलकर ही बना होता है। अक्सर एक फलिया में एक ही कुटुंब के लोग रहते है। यह समुदाय अपने गाँव या फलिया का कृषि पर्व सांस्कृतिक उत्साह, उमंग एवं उल्लास से मानते है। जब खाने योग्य फसल आ जाती है, गाँव में पटेल, पुजारा, वारती सामूहिक रूप से चर्चाकर उत्सव बनाए जाने का का निर्णय लेते हैं, गांव में ढोंढी पिटवाकर सूचना दी जाती है। जिसे निमाड़ क्षेत्र में नवाई या नवई कहते हैं। इस प्रकृति उत्सव, धरती माता को धन्यवाद देने के सामूहिक पर्व को ओड़िसा एवं छत्तीसगढ़ नुआखाई कहा जाता है। जो नये धान के स्वागत के लिए मनाया जाता हैं। देश के अन्य प्रांतों में नवाई या नुआखाई को फसल चक्र के अनुसार विविध तौर तरीकों से मनाए जाने की यह लोक परम्परा आदिवासी समाज में सदियों से प्रचलित है।

आदिवासी समाज का प्रकृति से निकट का जुड़ाव रहता है। इस समाज की अधिकांश आबादी प्रकृति की गोद में बसती है। जल, जंगल, पहाड़ जैसे प्राकृतिक वातावरण के मध्य अपना जीवन यापन करती है। यह प्रकृति पुत्र धरती माता के प्रति आभार या प्रकृति के प्रति गहरी आस्था रखते है। अपने लोक उत्सवों में यह प्रकृति की वंदना, पूजा, अराधना कर धरती माता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते है। नवाई का त्यौहार भी खेतों में लहलहाती पहली फसल का स्वागत करने, प्रकृति की कृपा का आभार प्रदर्शन का सामूहिक उत्सव है।



राज्य कर सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी आदिवासी सामजिक कार्यकर्ता पोरलाल खरतें ने आदिवासी सांस्कृतिक त्यौहार नवाई के संबंध में अपने विचारों से अवगत कराते हुए बताया की दुनियाँ में जहाँ-जहाँ आदिवासी समाज निवास करता है। इस त्यौहार को किसी न किसी रूप में मनाया जाता है। देश के अधिकांश राज्यों में इसे मुंग, उड़द, मक्के की फसल खेतों में कटाई करने से पहले नई फसल को खाने की शुरुआत करने से पहले नवाखाई, नवाई त्यौहार के रूप में मनाया जाता है। मध्यप्रदेश के अधिकांश जिलों में खरीब या बरसात की फसल जैसे मुंग, चवले, भादी काकड़ी, काचरा और भुट्टे खेतों में पककर तैयार हो जाती है। इस फसल को पकाकार खाने से पहले नवाई त्यौहार मनाते है। यह उत्सव हर गाँव में अलग अलग दिन मनाया जाता है। जिसका कारण हर गाँव में बुआई का समय अलग अलग होता है। नवाई की तारीख का निर्धारण गाँव पटेल, गाँव डाहला, वारती, कूटवाल, पुजारा चौकीदार, फलिया के वरिष्ठजन बैठकर सर्वानुमति से करते है। इस निर्णय को सभी स्वीकारते है। आदिवासी समाज में सामूहिक निर्णय की भावना को तहरीज दी जाती है। गाँव में किसी परिवार में मृत्यु होने की दशा में पूरा गांव नवाई के त्यौहार को टाल देता है। इसे कुछ दिनों बाद सामूहिक रूप से मनाया जाता है।

गाँव में नवाई की तारीख तय होने के बाद घरों की गोबर से लिपाई की जाती है घर के चूल्हे से लेकर मुख्य द्वार तक लिपाई की जाती है। गायना होता है जिसमे ब्रह्माण्ड की सम्पूर्ण जीवन प्रणाली के हित में गीत गाए जाते है। जीवन उत्पत्ति की अवधारनाएं / परिकल्पनाएं से लेकर वर्तमान समय तक का मौखिक वाचन किया जाता है। जो गाता है ढाक के साथ उसे गायन कहते है। गायना में पूरी रात गाँव के वरिष्ठ लोगो द्वारा जिन्हे गीत की कढ़ी की पूरी जानकारी होती है वो ढाक बजाकर गीत गाते है। इस त्यौहार में घर के वरिष्ठ सदस्य पुरखो की आत्माओं का सम्मान करते हुए नई फ़सल को नहीं खाते। त्यौहार के दिन घर के मुखिया व्रत रखते है। पूजा सामग्री में चावल, मुंग या चवले की दाल, पानी पलाश के पत्ते, महूए की दारू, उवकी, सूपड़ा आदि का इस्तमाल किया जाता है। सागोन की लकड़ी की बनी घिचरी कुल देवी की पूजा की जाती है। रानी काजल माता, राजू पांन्तु, भीलट सहित प्रकृति की पूजा की जाती है। यह दाहिने हाथ से दाहिनी तरफ तीन बार और बाए हाथ से दो बार बायीं तरफ पानी तरफते है। पलाश के पत्तों पर नये पकवान को रखा जाता है। फिर महूए की दारू की बुँदे जमीन गिराई जाती है। इस दौरान चाँद, सूरज, धरती, अनाज और पुरखो की आत्माओं को याद करते हुए धीरे-धीरे महुआ दारु की बुँदे धरती पर गिराई जाती है। इस दिन पूजा के लिए बना पकवान फलिया के सभी घरों में बच्चो को बाट दिया जाता है। नवाई का आमंत्रण आसपास के गाँव नाते रिश्तेदारों को भेजा जाता है।

युवा अधिवक्ता, आदिवासी लोक गीतों एवं नृत्य में पारंगत लोक कलाकार ललिता नरगावे ने बताया की नवाई आदिवासी समाज का फसलीय त्यौहार है। जो नयी फसल खाने लायक हो जाने पर मनाया जाता है। नई फसल देवी, देवताओं, पूर्वजों और प्रकृति को सबसे पहले अर्पित करने करने के बाद खाते है। इस दिन गाँव की महिलाए और पुरुष एकत्र होकर गरबा गीत गाते हुए ताली बजाकर नाचते है। लोक गीत और नृत्य कलाकार ललिता के अनुसार यह सिर्फ नृत्य या गीत नहीं, बल्कि आदिवासी संस्कृति, परम्परा और समाज की एकता का प्रतिक है। उनके अनुसार पारम्परिक नवाई गीतों की गूंज पुरे माहौल को पावन और उत्सवमय बना देती है। समाज अपनी कुलदेवी, बाबदेवी और पूर्वजों की पूजा कर आभार व्यक्त करता है। यह त्योहार समाज में भाईचारा और एकता का संदेश फैलाता है।

नवाई, नवाखाई धरती पुत्र किसान से जुडा आदिवासी समाज का प्रमुख फसलीय पर्व है। प्रकृति की गोद में रहकर प्रकृति के प्रति आस्था, सम्मान और आभार व्यक्त करने का सम्पूर्ण दर्शन इस आदिवासी पर्व में साफ तौर पर नजर आता है। प्रकृति के आभार का, धरती के धन्यवाद का महत्वपूर्ण आदिवासी पर्व नवाई बनाया जा रहा है। गाँव-गाँव धरती पुत्र किसान अपनी लहलहाती फसलों को देखकर अपने पूर्वजों, धरती माता, चाँद, सूरज, आकाश, नदी, मिट्टी के प्रति आस्था व्यक्त कर रहे है। नवाई का त्यौहार धूमधाम और उत्साह और लोक मान्यताओं के अनुसार मनाया जा रहा है।



**नरेंद्र तिवारी स्वतंत्र लेखक** 7, शंकरगली मोतीबाग सेंधवा जिला बड़वानी मप्र।

## आंचलिक

# ज्योति नगर में सज रहा भव्य पांडाल 27 को विराजेंगे विघ्नहर्ता

### 10 दिनों तक होंगे सांस्कृतिक, धार्मिक और रचनात्मक आयोजन

**रविन्द्र परमार**

**खरगौन • दैनिक इंदौर संकेत**

प्रथम पूज्य देव श्री गणेश के आगमन को लेकर भक्तों में उत्साह चरम पर पहुंचने लगा है। 27 अगस्त से शुरु हो रहे गणेशोत्सव पर बप्पा की अगुवानी और 10 दिनों तक उत्सव मनाने के लिए भक्त अपने. अपने स्तर पर तैयारियों में जुटे है। शहर के ज्योति नगर में भी प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई है। बाप्पा की प्रतिमा स्थापना के लिए जहां मनोहारी पांडाल बनाया गया है, तो वही 10 दिनों तक उत्सव के दौरान होने वाले आयोजनों को लेकर रुपरेखा भी तैयार की गई है।

समिति के इंजी. नीतिन मालवीय ने बताया कि ज्योतेश्वर महादेव मंदिर परिसर में भव्य पांडाल सजाया गया है, इसमें की गई नक्काशीदार सजावट के अलावा विद्युत एवं फूलों की साज- सज्जा आकर्षण का केंद्र होगी। गणेशोत्सव पर बप्पा की प्रतिमा सहित यहां होने वाले आयोजन न केवल कॉलोनी बल्कि शहरवासियों की आस्था और आकर्षण का केंद्र होकर



भारी भीड़ खींचते है। जिससे यह शहर का सबसे लोकप्रिय पंडाल बन जाता है। पांडाल में प्रतिमा को हर साल की तरह ही आकर्षक आभूषणों और सजावट से सजाया जाएगा। समिति के दिलीप सोनी ने बताया कि समिति का यह लगातार 10 वां वर्ष है। बप्पा के आगमन को लेकर पिछले 15 दिनों से आयोजन समिति द्वारा तैयारियां की जा रही है। यह पांडाल शहर में अलग विशेषता रखता है और इस बार भी अलग थीम पर गणेशोत्सव मनाने की तैयारी की गई है। 10 दिनों तक विभिन्न सांस्कृतिक, धार्मिक ओर रचनात्मक गतिविधियां भी आयोजित की जाएगी, जिससे भक्तों में बप्पा का उत्सव यादगार बन जाएगा।

# वेयर हाउस से चुराए थे गेहूं, 4 गिरफ्तार

**खरगौन • दैनिक इंदौर संकेत**

दो दिन पहले जिले के मुकुंदपुरा स्थित वेयर हाउस से हुई गेहूं कट्टे चोरी मामले में पुलिस को सफलता मिली है। खलटांका पुलिस ने 6 सदस्यीय चोर गिरोह के 4 बदमाशों को गिरफ्तार कर चोरी के गेहूं बेचकर जुटाए 4 हजार रुपए जब्त किए है, इस गिरोह के दो आरोपी अब भी फरार है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार गेहू चुराने वाले आरोपियों को किया गिरफ्तार मुकुन्दपुरा निवासी वेयर हाउस संचालक ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 9 अगस्त की शाम को वेयर हाउस पर ताला लगा कर बाहर चले गए थे। 22 अगस्त को जब वापस आकार देखा तो गोडाउन में रखे 19 गेहूं के कट्टे गायब थे। सामान भी बिखरा पड़ा था। पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर आसपास के क्षेत्र व सभी संभावित रास्तों के सीसीटीव्ही कैमरे खंगाले। मुखबिरों को भी सक्रिय कर जानकारी जुटाई। परिणाम स्वरुप आयुष पिता सुनील पाण्डे निवासी ग्रीन मिल के सामने सिंगाचौरी, रोहित पिता भीमा फुलफगर निवासी आश्रम वाली बैडी ग्राम खलबुजुर्ग,



गोलु पिता राधेश्याम सेन निवासी ग्राम पथौरा थाना बलकवाडा और अर्जुन पिता हेमु प्रजापत निवासी ग्रीन मील के सामने सिंगाचोरी को हिरासत में लिया गया। चारों ने अपने दो अन्य साथियों के साथ गेहूं कट्टे चुराना कबूल किया। इनके कब्जे से चुराए गेहूं बेचकर जुटाए 4 हजार रुपये और घटना में प्रयुक्त 02 बाईकें जब्त की है। गिरफ्तार आरोपी गोलु पिता राधेश्याम सेन के खिलाफ बलकवाडा थाने पर पूर्व में एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज है।

# यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए नगर पालिका ने शहर के बिस्टान रोड़

### मोहन टॉकीज, गौशाला मार्ग, बावड़ी बस स्टैंड, जवाहर मार्ग सहित अन्य स्थानों पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही



**खरगौन • दैनिक इंदौर संकेत**

शहर में नगर पालिका द्वारा चलाई जा रही निरन्तर अतिक्रमण हटाओं मुहिम के अंतर्गत अस्थाई अतिक्रमणों से शहर को मुक्त करा कर सुगम आवागमन की व्यवस्था हेतु निकाय द्वारा शहर के प्रमुख मार्गो से अस्थाई अतिक्रमणों को हटवाया जाने के अथक प्रयास किये जा रहे है। साथ ही उडनदस्ता वाहन से चेतावनी जारी करने पर भी व्यापारीयों के द्वारा अतिक्रमणों को नही हटाया जाने के कारण निकाय टीम के द्वारा आज यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए नगर पालिका द्वारा कडे कदम उठाये जा रहे है। इसी क्रम में आज शहर के बिस्टान रोड क्षेत्र में मुहिम चलाई जाकर यातायात समस्याओं के समाधान के लिए सडको पर दुकानों के बाहर सामान /सायबान व वाहन आदि अव्यवस्थित पार्क करने वाले ट्रेक्टर शोरूम के 02 जॉनडियर ट्रेक्टरों को जप्त किया गया। एवं दुकानों के बाहर सडक पर रखे सामान को नगर पालिका द्वारा जब्त करने कार्यवाही के साथ ही अनाधिकृत रूप से सायबान/टीनशेड आदि अस्थाई अतिक्रमणों को हटवाया जाने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। साथ ही दुकानदारों को चेतावनी भी दी गई है कि किसी भी प्रकार का सामान दुकान की परिधि के बाहर न रखा जाए। फलों आदि के ठेलों को चलित रूप से व्यवसाय करने हेतु निर्देशित किया जा रहा है।

# रफ्तार ने छीनी सांसें – खंडवा हादसे में 3 युवकों की दर्दनाक मौत, सड़क पर पसरा सन्नाटा

**खंडवा • दैनिक इंदौर संकेत**

खंडवा में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे सोमवार दो बाईक की आपस में टक्कर से 3 लोगों की मौत व दो घायल हुए हैं। घटना जिले के धनगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत सनावद पुनासा रोड़ पर सुलगांव के पास मसलाए फाटे के पास की बताई जा रही है। जहां दो बाइक की आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। घटना में दो लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई ।वहीं तीसरे युवक को इंदौर ले जाते समय उसने रास्ते में दम तोड़ दिया है जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को सनावद अस्पताल लाया गया है । घटना की सूचना मिलते ही मौके पर करोली चौकी



पुलिस पहुंची है। भाजपा नेता दिग्विजय सिंह तोमर मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। सड़क पर पड़े मृतकों को लोगों ने सड़क के एक तरफ किया। एक्सीडेंट के बाद यहां काफी चीख पुकार मच गई। बताया जाता है कि दो बाइक की आमने सामने की टक्कर हुई है। मौके पर उपस्थित लोगों ने घायलों की हर संभव मदद की। घटना स्थल पर लोगों की काफी भीड़ जमा हो गई, कुछ देर जाम भी लगा रहा। मृतकों की पहचान करण पिता काशीराम बामनिया और अजय पिता राजू बामनिया के रूप में हुई। दोनों चिकढ़ालिया गांव के रहने वाले थे। वे किसी रिश्तेदार के यहां से सनावद लौट रहे थे। दोनों की उम्र करीब 25 साल थी। वहीं तीसरे युवक की पहचान अभिनव पिता श्रवण मोहे (18) के रूप में हुई। मृतक युवकों पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।



# दिगंबर जैन समाज के पर्युषण पर्व महोत्सव का आयोजन 28 अगस्त से

**खंडवा • दैनिक इंदौर संकेत**

जैन धर्म में पर्यूषण पर्व को महान पर्व के रूप में माना गया है दस दिनों तक चलने वाले पर्व में मंदिरों में पूजा अर्चना भगवान का अभिषेक शांति धारा एवं दस लक्षण मंडल विधान की पूजा की जाती है पर्व के मुख्य आयोजन सराफा पोरवाड़ दिगम्बर जैन धर्मशाला में आयोजित होंगे जहां चातुर्मास के लिए विराजमान उपाध्याय विश्रुत सागर जी महाराज एवं निर्वेद सागर जी महाराज का सानिध्य हमें प्राप्त होगा उनके प्रवचनों का लाभ भी सभी को मिलेगा। समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि अत्यन्त हर्ष एवं पुण्य का अवसर है कि इस वर्ष आप और हम सभी श्री पर्युषण महापर्व 28 अगस्त गुरूवार से 6 सितम्बर शनिवार तक अत्यंत भक्ति भाव पूर्वक मनायेगे। इस महा मांगलिक पर्व पर जिनवाणी श्रवण के लिए हम सभी को परम पूज्य उपाध्याय श्री 108 विश्रुत सागरजी के ससंघ का सानिध्य प्राप्त होगा।

प्रतिदिन सुबह 9.15 से परम पूज्य उपाध्याय श्री 108 विश्रुत सागरजी महाराज के प्रवचन श्री पोरवाड़ दिगम्बर जैन धर्मशाला में होंगे।सुबह 9.45 से श्री जिनेन्द्र अभिषेक एवं नित्य नियम पूजा श्री पार्श्वनाथ दिग. जैन मंदिर सराफा में पंडित निखलेश जैन के निर्देशन में सम्पन्न होंगे।शाम 7 बजे से 8 बजे तक श्री जिनेन्द्र भक्ति एवं आरती श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, सराफा में,रात्रि 8 बजे से 8.30 बजे तक शास्त्र प्रवचन श्रीमान महेश कुमारजी जैन के एवं रात्रि 8.30 से 9.45 तक धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम अलग-अलग मण्डलों द्वारा श्री पोरवाड़ दिगम्बर जैन धर्मशाला सराफा में सम्पन्न होंगे। मुनि सेवा समिति के प्रचार मंत्री सुनील जैन ,प्रेमांशु जैन चौधरी ने बताया कि 6 सितम्बर शनिवार को अनंत चतुर्दशी का जुलूस दोपहर 3 बजे से श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सराफा से प्रारंभ होकर हरीगंज, नगर निगम वाटर वर्क्स होते हुये छात्रावास दिगम्बर जैन मंदिर से वापस शिवाजी चौक, जलेबी चौक होते हुये घासपुरा महावीर दिगम्बर जैन मंदिर, सराफा होते हुये श्री पोरवाड़ दिगम्बर जैन धर्मशाला में परम पूज्य उपाध्याय श्री 108 विश्रुत सागरजी महाराज के प्रवचन एवं श्रीजी का अभिषेक होकर समापन होगा।

# मातपुर, छापाकुंड और गडरबड़ी माल के सरपंच सम्मानित

**खंडवा • दैनिक इंदौर संकेत**

सोमवार को भोपाल के विकास भवन के श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागृह में पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स 1.0 का विमोचन किया गया। इस अवसर पर पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स 2.0 की एक दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। इस राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती दीपावली रस्तोगी, संचालक सह आयुक्त श्री छोटे सिंह और राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के प्रदेश प्रभारी श्री सुधीर जैन भी उपस्थिति थे। राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में खण्डवा जिले की मातपुर ग्राम पंचायत को भी सम्मानित किया गया। मातपुर के साथ साथ



विभिन्न श्रेणियों में हरसूद ब्लॉक की पंचायत छापाकुण्ड और बलडी ब्लॉक की पंचायत गरबड़बड़ी मॉल को भी राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मातपुर के सरपंच श्री शकंर तोमर और रोजगार सहायक ग्राम पंचायत मातपुर श्री नीतेश राठौर भी मौजूद थे।

# सांसद पाटिल ने त्योहारों को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से खंडवा ज़िला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की

**खंडवा • दैनिक इंदौर संकेत**

सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल लगातार अपने क्षेत्र के विकास और उनकी समस्याओं के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए जहां सांसद पाटिल केंद्र के मंत्रियों से लगातार मिलकर विकास कार्यों की सौगात क्षेत्र को दे रहे हैं। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि आगामी त्योहार गणेशोत्सव व नवरात्री उत्सव को देखते हुए सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने मंगलवार को ज़िले में कानून-व्यवस्था, साफ़-सफाई, बिजली, पानी, ट्रैफ़िक प्रबंधन आदि को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के अधिकारियों को चर्चा करते हुए दिए। साथ ही खंडवा के शशांक जोशी के दुखद निधन पर शोक व्यक्त करते हुए करते हुए शहर की सड़कों पर हो रहे गड्ढों को शीघ्र पाटने एवं गणेश उत्सव पर सभी नागरिकों को बेहतर सुविधा प्रदान करने हेतु संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देशित किया। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया कि गणेश उत्सव नव नवरात्रि दुर्गा उत्सव



रात्रि 11ः00 बजे बंद करने की बजाय रात्रि 12ः00 बजे तक कार्यक्रम चलने के निर्देश भी दिए। ताकि शहर की जनता व्यवस्थित रूप से पंडालों में जाकर दर्शन एवं कार्यक्रमों को लाभ उठा सके। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग मैं सांसद पाटिल के साथ खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे महापौर अमृता अमर यादव, जिला कलेक्टर वृषव गुप्ता पुलिस अधीक्षक मनोज राय, एसडीएम बजरंग बहादुर सिंह,पीडब्ल्यूडी के अधिकारी नरेंद्र सिंह नगर निगम कमिश्नर प्रियंका राजावत व अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि भी इस विसी से जुड़े थे।

# विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 13 सितंबर से, साबले पर रहेंगी नजरें

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 का आयोजन 13 से 21 सितंबर 2025 तक टोक्यो, जापान में होगा, जिसमें टोक्यो के पुनर्निर्मित राष्ट्रीय स्टेडियम का उपयोग किया जाएगा। यह चैंपियनशिप तीसरी बार जापान में आयोजित होगी। भारतीय एथलीट अविनाश साबले अब पूरी तरह से फिट हैं और उनकी निगाहें विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप सहित आगामी प्रतियोगिताओं में स्टीपलचेज़ में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। एशियाई खेलों के स्टीपलचेज़ चैंपियन साबले अभी ऊटी में अभ्यास कर रहे हैं और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के केंद्र में अभ्यास करने में लगे हैं। साबले ने कहा कि मेरे लिए पिछला साल कुछ खास नहीं रहा । साबले साल 2023 में एशियाई खेलों के बाद से ही पिंडली की चोट से परेशान रहे हैं। उन्होंने 2025 के अपने सत्र की शुरुआत जियामेन डायमंड लीग में आठ मिनट 22.59 सेकंड के समय के साथ की और इसके बाद शाओक्सिंग में 8ः23.85 सेकंड का समय निकाला। साबले ने मई में साउथ कोरिया के गुमी में एशियाई चैंपियनशिप में 8ः20.92 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण जीता था। साबले ने कहा कि इस बार मेरी तैयारियां अच्छी चल रही हैं। मैं सत्र की शुरुआत में चोटिल हो गया था पर इसके बाद भी मैंने चीन में दो डायमंड लीग स्पर्धाओं में हिस्सा लिया। एशियाई चैंपियनशिप में भाग लेने से मेरा मनोबल बढ़ा है। जिसका लाभ मुझे मिलने की उम्मीद है।






# वैभव सूर्यवंशी दूसरों की सलाह पर अधिक ध्यान न दे -रायुडू

**हैदराबाद (एजेंसी)** • भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर अंबाति रायुडू ने उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उसे दूसरे लोगों की सलाह पर अधिक ध्यान नहीं देना चाहिये। आईपीएल 2025 में अपने आक्रामक प्रदर्शन से वैभव ने सबका ध्यान खींचा था। इस क्रिकेटर ने 7 मैचों में 252 रन बनाए जिसमें किसी भारतीय द्वारा 35 गेंदों में सबसे तेज आईपीएल शतक भी शामिल है। रायुडू ने इस युवा बल्लेबाज की प्रशंसा की और कहा कि उन्हें सीनियर भारतीय टीम में खेलने के लिए तैयारी करनी चाहिये। रायुडू ने सूर्यवंशी की आक्रामक बल्लेबाजी शैली की सराहना की और कहा कि इस आईपीएल खिलाड़ी को सही मार्गदर्शन दिया जाना चाहिए। रायुडू ने कहा, उसकी बल्ले की गति असाधारण है। मुझे उम्मीद है कि वह इसे नहीं बदलेगा। उसे बेहतर होना चाहिए। लारा की तरह बल्लेबाजी का उसका अंदाज है। इसलिए वह सीख सकता है कि जब आप डिफेंस कर रहे हों और जब आप हल्के हाथ से खेल रहे हों, तो बल्ले की गति को कैसे नियंत्रित किया जाए। इसलिए अगर वह यह सीख लेता है, तो वह एक असाधारण प्रतिभा होगा। उन्होंने आगे कहा, उसे बस एक चीज़ पर ध्यान देना है, और वह यह कि उसे ज्यादा लोगों की बात नहीं सुननी चाहिए। लोगों की मत सुनो; बस अपनी प्रतिभा का समर्थन करो। और कोचों के लिए भी यह जरूरी है कि उसे ज्यादा न समझाऐं। उसे छोड़ दो। रायुडू ने कहा कि सूर्यवंशी राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के मार्गदर्शन में खूब फलेंगे-फूलेंगे। रायुडू ने कहा, वह असाधारण प्रतिभा का धनी है।

# शाकिब ने बनाया टी20 में नया रिकार्ड

**एंटीगुआ (एजेंसी)** • बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने कैरिबियाई प्रीमियर लीग 2025 के मैच के दौरान खेलते हुए एक नया रिकार्ड अपने नाम किया है। शाकिब ने एंटिगुआ ऐंड बरबुडा फॉल्कंस की तरफ से सेंट किट्स ऐंड नेविस पैट्रियाट्स के खिलाफ मैच में 11 रन देकर 3 विकेट लेने के साथ ही 25 रन बनाकर अपनी टीम को 7 विकेट से जीत दिलायी। इसी के साथ ही शाकिब ने टी20 क्रिकेट में एक नया रिकार्ड अपने नाम किया है। शाकिब अब टी20 में 500 से ज्यादा विकेट और 7000 रन बनाने वाले अकेले क्रिकेटर बन गये हैं। वह ऐसा करने वाले विश्व के पांचवें गेंदबाज बने। उनसे पहले अफगानिस्तान के राशिद खान, वेस्टइंडीज के ड्वेन ब्रावो और सुनील नरेन के अलावा दक्षिण अफ्रीका के इमरान ताहिर ने टी20 क्रिकेट में 500 विकेट लिए हैं पर शाकिब 7000 से ज्यादा रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी हैं। शाकिब अल हसन टी20 में 500 विकेट पूरे करने वाले बाएं हाथ के पहले स्पिनर हैं। इसके अलावा उन्होंने इस फॉर्मेट में बल्लेबाजी के दौरान 7574 रन बनाये हैं। टी20 क्रिकेट में 500 से अधिक विकेट लेने वाले पांचों क्रिकेटरों में सबसे ज्यादा रन की बात करें तो शाकिब के 7574 रनों के बाद ड्वेन ब्रावो 6970 रन के साथ दूसरे नंबर पर हैं।

## सिने जगत

# फिल्म 'गुस्ताख इश्क' की पहली झलक रिलीज

**मुंबई (एजेंसी)** • मनीष मल्होत्रा निर्मित पहली फिल्म गुस्ताख़ इश्क़ की पहली झलक रिलीज हो गई है। मनीष मल्होत्रा फिल्म निर्माता के तौर पर अपनी नई पारी की शुरुआत करने जा रहे हैं। मनीष मल्होत्रा हमेशा से सिनेमा के बड़े प्रशंसक रहे हैं। बचपन में फिल्में देखकर उनके मन में रंग, संगीत और कहानी की जादूई दुनिया बस गई थी। फैशन की दुनिया में नाम बनने से पहले सिनेमा ने उनकी कल्पना को आकार दिया। मनीष अपनी पहली फिल्म 'गुस्ताख इश्क' के जरिए अपने बैनर स्टेज5 प्रोडक्शन के तहत फिल्म निर्माण में कदम रख रहे हैं। इस फिल्म के निर्देशक विभु पूरी हैं। संगीकार विशाल भारद्वाज, गीतकार, गुलजार हैं। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह, विजय वर्मा, फातिमा सना शेख और शरीब हाशमी की अहम भूमिका है। मनीष मल्होत्रा ने कहा कि सिनेमा के प्रति मेरा प्यार बचपन से है। रंग, संगीत और कहानियां देखकर मेरी कल्पना बनी और मुझे डिजाइनर बनने की प्रेरणा मिली। आज, फिल्म प्रोडक्शन में कदम रखना मेरे लिए उस माध्यम को कुछ वापस देने जैसा है जिसने मुझे सब कुछ दिया। स्टेड5 प्रोडक्शन के साथ हम नई कहानियों और फिल्मों के जरिए हमेशा कुछ नया और प्रेरक पेश करना चाहते हैं। यह फिल्म नवंबर 2025 में रिलीज होने वाली है।





# लोकल कहानियां ही बनती हैं ग्लोबल - वाणी कपूर

**मुंबई (एजेंसी)** • क्राइम थ्रिलर सीरीज़ 'मंडाला मर्डर्स' लगातार तीन हफ्तों तक वैश्विक स्तर पर ट्रेंड करती रही, जिसे देखकर सीरीज की एक्ट्रेस वाणी कपूर बेहद भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि उन्हें दर्शकों से इतना प्यार और सराहना मिलने की उम्मीद नहीं थी। वाणी कपूर ने अपनी खुशी जताते हुए कहा, यह मेरा स्ट्रीमिंग डेब्यू है और मेरे लिए यह अनुभव बेहद खास रहा। मैंने इस प्रोजेक्ट में दिल से मेहनत की है। भारत ही नहीं, दुनिया भर से जो प्रतिक्रिया मिली है, वह हमारे लिए सबसे बड़ा इनाम है। हमारी कहानियां जितनी जमीन से जुड़ी और लोकल होंगी, उनका असर वैश्विक स्तर पर उतना ही ज्यादा दिखेगा। अभिनेत्री का मानना है कि भारत अपनी पौराणिक कहानियों और सांस्कृतिक विरासत के कारण दुनिया में एक खास पहचान रखता है। यही वजह है कि यहां की कहानियां न केवल भारतीय दर्शकों को बल्कि दुनिया भर के उन लोगों को भी आकर्षित करती हैं, जो हमारी संस्कृति और पहचान के बारे में जानना चाहते हैं।

## उज्जैन संभाग

# नगर निगम सम्मिलन में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मिली स्वीकृति

## निगम अध्यक्ष श्रीमती यादव की अध्यक्षता में विशेष सम्मिलन आयोजित

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** • सोमवार को आयोजित नगर निगम परिषद के विशेष सम्मिलन में कई जनहितैषी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। शासकीय सेवकों की मृत्यु पर दी जाने वाली अनुग्रह राशि को 50 हजार से बढ़ाकर 1,25,000 किया गया।

निगम के अस्थाई कर्मचारियों का कर्मचारी राज्य बीमा योजना में पंजीयन कराए जाने को मंजूरी मिली, जिससे उन्हें व उनके परिवार को चिकित्सा व अन्य सुविधाएँ मिल सकेंगी।दूधतलाई क्षेत्र में पुराने सुलभ शौचालय को हटाकर आधुनिक सुलभ शौचालय निर्माण का निर्णय लिया गया।शहर के विकास हेतु कई



प्रस्ताव जैसे रीगल टॉकिज का विकास कार्य, प्रमुख मार्गों का चौड़ीकरण व निर्माण कार्य भी स्वीकृत किए गए। सम्मिलन की कार्यवाही राष्ट्रगीत से प्रारंभ हुई और महापौर मुकेश टटवाल, नेताप्रतिपक्ष रविराय सहित पार्षदगणों ने अपने विचार प्रस्तुत किए।कार्यवाही के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव ने सदन का आभार व्यक्त किया।

# उमा-सांझी महोत्सव में भाग लेने हेतु श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की वेबसाइड पर प्रविष्टियॉ आमंत्रित

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** • सृष्टि के सृजन-कर्ता शिव एवं उमा का प्रकृति एवं पुरूष का उत्सव श्री महाकालेश्वर मंदिर में उमा-सांझी महोत्सव के रूप में अश्विन कृष्ण पक्ष एकादशी से अश्विन शुक्ल द्वितीया (श्राद्ध पक्ष) तक मनाया जाता है। उमा-सांझी के पूजन की परम्परा प्राचीन लोक संस्कृति पर आधारित है। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति, उज्जैन के तत्वावधान में आयोजित होने वाले उमा-सांझी महोत्सव 2025 में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 17 सितम्बर बुधवार (अश्विन कृष्ण एकादशी) से 21 सितम्बर रविवार (अश्विन कृष्ण अमावस्या) तक आयोजित किया जाना है। इस पॉच दिवसीय उमा-सांझी महोत्सव में प्रतिदिन संध्या-आरती के पश्चात लोक संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। जिसमें कलाकारों द्वारा लोक गायन, लोक वादन व लोक नृत्य की प्रस्तुतियॉ दी जावेगी।

# संस्कृति रक्षक मंच द्वारा अष्टविनायक एवं अष्टभैरव यात्रा का आयोजन, वरिष्ठजनों एवं कार्यकर्ताओं का सम्मान




**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** • भारत की सनातन संस्कृति पर समय-समय पर आए संकटों के बावजूद इसकी जड़ें इतनी गहरी हैं कि विदेशी ताकतें भी इसे डिगा नहीं पाईं। यह विचार संस्कृत के प्रख्यात विद्वान डॉ. राजेश्वर शास्त्री मूसलगांवकर ने संस्कृति रक्षक मंच के आयोजन में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मंच का अष्टविनायक एवं अष्टभैरव यात्रा निकालने का संकल्प सराहनीय है और आने वाली पीढ़ियों को अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने वाला कदम है।

संस्कृति रक्षक मंच के अध्यक्ष पं. शिवेंद्र तिवारी ने बताया कि मंच पिछले 24 वर्षों से समाजहित में निरंतर कार्य कर रहा है। मंच से जुड़े कई कार्यकर्ताओं को आज विभिन्न संस्थाओं में दायित्व प्राप्त हैं, जो पूरे संगठन के लिए गर्व का विषय है।

कार्यक्रम में 84 वर्षीय प्रेमनारायण पंड्या (लगातार 39 वर्षों से बाबा अमरनाथ यात्रा) और 82 वर्षीय कन्हैयालाल घाटिया (कैलाश मानसरोवर यात्रा) का विशेष सम्मान किया गया। साथ ही मंच के उन कार्यकर्ताओं को भी अभिनंदन मिला जिन्हें हाल ही में अलग-अलग संस्थाओं में जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं।

इस अवसर पर कैप्टन कनिया मेडा, वरिष्ठ अभिभाषक विजय पटेल, मयूर अग्रवाल, शिवप्रसाद मालवीय सहित कई गणमान्य नागरिकों ने अपने विचार व्यक्त किए।

महेंद्र उपाध्याय ने जानकारी दी कि कार्यक्रम में शतरंज की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी चार्बी मेहता सहित विजय चौहान, मोहन चौहान, विकास राठौड़, दिलीप शर्मा, मयूर अग्रवाल, अनिल पांचाल, अमरिश शुक्ला, इंदर गेहलोत आदि का भी सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। संचालन मुकेश धाकड़ ने किया और आभार दीपक सैनी ने व्यक्त किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजसेवी, प्रबुद्धजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से आशुतोष मीणा, जितेंद्र अग्रवाल, आशीष मेहता, नरेश राठौर, हरिओम तिवारी, पदमसिंह मीणा, मनोज शर्मा, विशाल शर्मा, चंद्रेश चौहान, संदीप राणा, पं. श्याम गुरु पंचोली, सत्यनारायण शर्मा, अंकित शर्मा, यादवेन्द्र अग्रवाल, दिनेश मकवाना, सुशील गोठवाल, दिलीप डोडिया, राजेंद्र बिल्लोरे, संजय चौधरी, पवन तिवारी, प्रतीक तिवारी, प्रकाश धाकड़, आनंद गर्ग, मनीष उपाध्याय, वंदना जैन, पूजा पंवार, मोना भंडारी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।



# भारत को जानो एवं राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता संपन्न

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** • भारत विकास परिषद सांदीपनि द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर मारुति गंज में भारत को जानो एवं समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। परिषद के मीडिया प्रभारी शिवकुमार विजयवर्गीय ने बताया प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में मोहन पटेल, राजेंद्र पटेल, संगीता लोदवाल ने विजय टीम का चयन किया जिसमें वरिष्ठ वर्ग में अक्षत इंटरनेशनल एवं कनिष्ठ वर्ग में लोकमान्य तिलक पानदरीबा विद्यालय को प्रथम घोषित किया गया। यह टीम अब प्रांत स्तर पर देवास में आयोजित प्रतियोगिता भाग लेगी। राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता में प्रथम ज्ञानसागर ग्लोबल एकेडमी एवं द्वितीय सरस्वती विद्या मंदिर ऋषिनगर रहा। यह टीम भी प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता शामगढ़ में भाग लेगी। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं शील्ड संरक्षक ईश्वर पटेल, रीजनल सेक्रेटरी सेंट्रल रीजन ओमप्रकाश गुप्ता, अध्यक्ष अनिल वैष्णव, संजय शाह, अंकिता सूद, पूजा चित्तौड़ा, अनीता शाह आदि ने प्रदान किए। कार्यक्रम में पराग काबरा, विनी अग्रवाल, रुक्मणी गुप्ता, सरोज यादव, ऋषि गुप्ता, दिनेश गोयल, संध्या गुप्ता उपस्थित थे।

# निगम द्वारा गंदगी करने एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वालों पर किया जुर्माना



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** • जोन क्रमांक 6 अंतर्गत स्वास्थ्य अधिकारी आनंद विजय सिंह राठौड़ एवं स्वास्थ्य निरीक्षक अजय दावरे द्वारा निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए गंदगी करते पाए जाने वाले एवं सिंगल यूज प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग करने वालों पर 10 हजार का जुर्माना किया गया जिसमें गौरव प्रजापत पर 5 हजार, महेश कुमार पर 2 हजार, गोविंद माली पर 2 हजार एवं शिवनारायण सिसोदिया पर 1 हजार का जुर्माना किया गया।

